UNITY ... DHUPUR : NAGAON

**2024**

( FYUGP )

( 3rd Semester )

# HINDI

## ( Interdisciplinary Course )

Paper Code : IDC–3/CW

( सृजनात्मक लेखन )

*Full Marks* : 37½ *Pass Marks* : 40%

*Time* : 2 hours

## ( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The questions are of equal value*

1. रचनात्मकता का अर्थ क्या है? इसके तत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

भाषा के सौन्दर्य से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

**2.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर *80–100* शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :

(क) पर्यावरण

(ख) इंटरनेट

(ग) समाचार-पत्र

(घ) क्रिसमस

(ङ) शिक्षा दिवस

**3.** डायरी लेखन के माध्यम से आप अपनी एक दिन की दिनचर्या लिखिए।

**4.** फिल्म समीक्षा से आप क्या समझते हैं, उदाहरण समेत स्पष्ट कीजिए।

**5.** डायरी और नाटक लेखन को उदाहरण समेत स्पष्ट कीजिए।

★★★

**2 0 2 4**

( FYUGP )

( 3rd Semester )

**HINDI**

( Interdisciplinary Course )

Paper Code : IDC–3/CW

**( सृजनात्मक लेखन )**

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 12½ )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

SECTION—I

( *Marks* : 7½ )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : ½×15=7½

**1.** रचनात्मकता क्या है?

(क) रचनात्मकता को 200 से ऊपर के आइ० क्यू० के रूप में परिभाषित किया गया है। ( )

(ख) रचनात्मकता आत्माभिव्यक्ति है। ( )

(ग) उपर्युक्त दोनों ( )

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा रचनात्मकता का तत्त्व **नहीं** है?

(क) जटिलता ( )

(ख) लचीलापन ( )

(ग) स्मृतिकरण ( )

(घ) मौलिकता ( )

**3.** संवाद किसे कहते हैं?

(क) फिल्म की कहानी को ( )

(ख) नाटक की कहानी को ( )

(ग) दो या दो से अधिक पात्रों के बीच हुई बातचीत ( )

(घ) उपर्युक्त सभी ( )

**4.** साक्षात्कार के बारे में निम्नलिखित कौन-सा कथन सत्य है?

(क) यह लोगों को संबोधित करने के लिए उपयुक्त नहीं है। ( )

(ख) मौखिक साक्षात्कार लिखित साक्षात्कार से अधिक विश्वसनीय है। ( )

(ग) मौखिक साक्षात्कार एक प्रकार का अनौपचारिक संचार है। ( )

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

**5.** पुस्तक समीक्षा का तत्त्व क्या है?

(क) पुस्तक की घटनाओं और उद्देश्य के बारे में आलोचनात्मक ढंग से बताया जाता है। ( )

(ख) इसमें मुख्य तत्त्व और विवरण शामिल नहीं होते हैं। ( )

(ग) उपर्युक्त दोनों ( )

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

6. फिल्म समीक्षा में क्या बताया जाता है?

(क) फिल्म के बारे में कोई बात नहीं किया जाता है। ( )

(ख) फिल्म के गुणों या खामियों पर चर्चा किया जाता है। ( )

(ग) उपर्युक्त दोनों ( )

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

7. डायरी के लिए दूसरा किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

(क) कहानी ( )

(ख) जर्नल ( )

(ग) आत्मकथा ( )

(घ) जीवनी ( )

8. स्तंभ लेखन क्या है?

(क) एक प्रकार का विचारात्मक लेखन है ( )

(ख) एक प्रकार की कविता है ( )

(ग) उपर्युक्त दोनों ( )

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

9. फीचर लेखन कैसा होना चाहिए?

(क) पूरी तरह से वास्तविक घटना पर आधारित होना चाहिए ( )

(ख) मनोरंजन और ज्ञानवर्धक होना चाहिए ( )

(ग) उपर्युक्त दोनों ( )

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

10. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास का प्रमुख तत्त्व है?

(क) कथानक ( )

(ख) चरित्र-चित्रण ( )

(ग) संवाद ( )

(घ) उपर्युक्त सभी ( )

11. अतीत पर आधारित कथा-साहित्य की शैली का नाम क्या है?

(क) यथार्थवादी कथा ( )

(ख) ऐतिहासिक कथा ( )

(ग) कल्पित विज्ञान ( )

(घ) कल्पना ( )

12. कहानी का पहला तत्त्व कौन-सा है?

(क) कथानक ( )

(ख) चरित्र-चित्रण ( )

(ग) संवाद ( )

(घ) भाषा-शैली ( )

**13.** किसी कहानी के मुख्य पात्र को क्या कहा जाता है?

(क) प्रतिपक्षी ( )

(ख) विरोधी ( )

(ग) भड़कानेवाला व्यक्ति ( )

(घ) नायक ( )

**14.** सृजनात्मकता की पहचान का प्रमुख लक्षण क्या है?

(क) अभिसारी चिंतन ( )

(ख) अतिसक्रियता ( )

(ग) असतर्कता ( )

(घ) बोधगम्यता ( )

**15.** दृश्य लेखन किसे कहते हैं?

(क) किसी चित्र को देखकर उससे संबंधित मन में उठने वाले भावों को अभिव्यक्त करने को दृश्य लेखन कहते हैं। ( )

(ख) किसी कल्पना की अभिव्यक्ति ( )

(ग) उपर्युक्त दोनों ( )

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

## SECTION—II

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

1. सृजनात्मकता किस तरह की अभिव्यक्ति है?

2. समाचार हासिल करने के महत्त्वपूर्ण माध्यम को क्या कहते हैं?

3. एक कहानी जिसे अभिनेता और अभिनेत्री की मदद से मंच पर प्रस्तुत किया जाता है, उसे क्या कहा जाता है?

**4.** कथा साहित्य में कौन-कौन सी रचना शामिल है?

**5.** स्तम्भ लेखन किसे कहते हैं?

★★★